# 2024

# हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [पूर्णांक : 100

**निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## खण्ड क

1. (क) राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिंद' की रचना है : 1

(i) 'राजा-भोज का सपना'

(ii) 'रानी केतकी की कहानी'

(iii) 'प्रेमसागर'

(iv) 'प्रेमवती'

(ख) भारतेंदु-युग के लेखक हैं : 1

(i) भगवत शरण उपाध्याय

(ii) प्रताप नारायण मिश्र

(iii) रघुवीर सहाय

(iv) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) 'मेरी असफलताएँ' किस विधा की रचना है ? 1

(i) कहानी (ii) आत्मकथा

(iii) डायरी (iv) जीवनी-साहित्य

(घ) 'आवारा मसीहा' के लेखक हैं : 1

(i) विष्णु प्रभाकर (ii) राहुल सांकृत्यायन

(iii) शिवदान सिंह चौहान (iv) जैनेंद्र



https://www.upboardonline.com

(ङ) हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास है : 1

(i) 'तितली' (ii) 'कंकाल'

(iii) 'परीक्षा गुरु' (iv) 'गबन'

2. (क) "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल ।" यह काव्य पंक्ति है : 1

(i) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की

(ii) मैथिलीशरण गुप्त की

(iii) भारतेंदु हरिश्चन्द्र की

(iv) नरेश मेहता की

(ख) 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है' : 1

(i) भारतेंदु-युग (ii) द्विवेदी-युग

(iii) छायावाद (iv) प्रगतिवाद

(ग) 'वैदेही वनवास' रचना है : 1

(i) रामनरेश त्रिपाठी की

(ii) श्रीधर पाठक की

(iii) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की

(iv) महावीर प्रसाद द्विवेदी की

(घ) भारतेंदु ने स्त्री शिक्षा से संबंधित किस पत्रिका का प्रकाशन किया था ? 1

(i) 'हरिश्चन्द्र-चंद्रिका' (ii) 'हंस'

(iii) 'कविवचन सुधा' (iv) 'बाला बोधिनी'

(ङ) 'गंगालहरी' के रचनाकार हैं : 1

(i) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'

(ii) सूरदास

(iii) तुलसीदास

(iv) भारतेंदु हरिश्चन्द्र

3. निम्नलिखित गद्यांश का सन्दर्भ देते हुए किसी *एक* के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*2+2+2+2+2=10*

यह अनुभव कितना चमत्कारी है कि यहाँ जो जितनी अधिक बूढ़ी है वह उतनी ही अधिक उत्फुल्ल, मुस्कानमयी है । यह किस दीपक की जोत है ? जागरूक जीवन की ! लक्ष्यदर्शी जीवन की ! सेवा-निरत जीवन की ! अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की । भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे भी, पर यह जोत विश्व की सर्वोत्तम जोत है ।



https://www.upboardonline.com

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) कौन-सी 'जोत' विश्व की सर्वोत्तम जोत है ?

(घ) लेखक के लिए कौन-सा अनुभव चमत्कारी है ?

(ङ) 'जागरूक' और 'लक्ष्यदर्शी' शब्दों के अर्थ लिखिए ।

**अथवा**

मातृभूमि पर निवास करने वाले मनुष्य राष्ट्र का दूसरा अंग हैं । पृथ्वी हो और मनुष्य न हो, तो राष्ट्र की कल्पना असम्भव है । पृथ्वी और जन दोनों के सम्मिलन से ही राष्ट्र का स्वरूप सम्पादित होता है । जन के कारण ही पृथ्वी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है । पृथ्वी माता है और जन सच्चे अर्थों में पृथ्वी का पुत्र है — (माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः ।) — भूमि माता है, मैं उसका पुत्र हूँ । — जन के हृदय में इस सूत्र का अनुभव ही राष्ट्रीयता की कुंजी है । इसी भावना से राष्ट्रनिर्माण के अंकुर उत्पन्न होते हैं ।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) राष्ट्र का दूसरा अंग क्या है ?

(घ) राष्ट्र की कल्पना कब असम्भव है ?

(ङ) राष्ट्रीयता की कुंजी क्या है ?

5×2=10

4\. पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पूरी होवें न यदि तुझसे अन्य बातें हमारी ।
तो तू मेरी विनय इतनी मान ले और चली जा ।
छू के प्यारे कमल-पग को प्यार के साथ आ जा ।
जी जाऊँगी हृदय-तल में मैं तुझी को लगाके ।

(क) प्रस्तुत पद्यांश के पाठ एवं कवि का नाम लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) 'कमल-पग' में कौन-सा अलंकार है ?

(घ) नायिका किससे और क्या विनती कर रही है ?

(ङ) नायिका पवन को किसके कमल-पग को छू कर आने के लिए कह रही है ?

**अथवा**

P.T.O.





https://www.upboardonline.com

कहा मनु ने, नभ धरणी बीच
बना जीवन रहस्य, निरुपाय;
एक उल्का-सा जलता भ्रांत
शून्य में फिरता हूँ असहाय ।
कौन हो तुम वसंत के दूत
विरस पतझड़ में अति सुकुमार !
घन तिमिर में चपला की रेख,
तपन में शीतल मंद बयार ।

(क) प्रस्तुत पद्यांश के पाठ एवं कवि का नाम लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) मनु किससे अपने जीवन के विषय में बता रहे हैं ?

(घ) मनु अपने आपको क्यों असहाय महसूस करते हैं ?

(ङ) 'तिमिर' और 'चपला' शब्दों के अर्थ लिखिए ।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी ***एक*** लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) https://www.upboardonline.com 3+2=5

(i) जैनेंद्र कुमार

(ii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(iii) हरिशंकर परसाई

(ख) निम्नलिखित में से किसी ***एक*** कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द) 3+2=5

(i) भारतेंदु हरिश्चन्द्र

(ii) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'

(iii) मैथिलीशरण गुप्त

6. कहानी-तत्त्वों के आधार पर 'लाटी' अथवा 'ध्रुव यात्रा' कहानी की समीक्षा कीजिए । 5
(अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द)

**अथवा**

'ख़ून का रिश्ता' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । (अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द)



https://www.upboardonline.com

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी *एक* प्रश्न का संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5

(अधिकतम शब्द-सीमा 80 शब्द)

(क) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

'रश्मिरथी' खण्डकाव्य की प्रमुख घटना का वर्णन कीजिए ।

(ख) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की प्रमुख घटना का उल्लेख कीजिए ।

(ग) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(घ) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के प्रमुख नारी-पात्र की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

'त्यागपथी' खण्डकाव्य की विशेषताएँ लिखिए ।

(ङ) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य की प्रमुख घटनाओं का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य की सामान्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(च) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य की विशेषताएँ लिखिए ।

**अथवा**

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य की प्रमुख घटना को अपने शब्दों में लिखिए ।

## खण्ड ख

8. (क) निम्नलिखित संस्कृत-गद्यांश का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : $2+5=7$

जन्मतः दशमे दिने 'शिवं भजेदयम्' इति बुद्ध्या पिता स्वसुतस्य मूलशङ्कर इति नाम अकरोत्, अष्टमे वर्षे चास्योपनयनमकरोत् । त्रयोदशवर्षं प्राप्तवतेऽस्मै मूलशङ्कराय पिता शिवरात्रिव्रतमाचरितुम् अकथयत् । पितुराज्ञानुसारं मूलशङ्करः सर्वमपि व्रतविधानमकरोत् ।

**अथवा**

P.T.O.



https://www.upboardonline.com

अतीते प्रथमकल्पे जनाः एकमभिरूपं सौभाग्यप्राप्तं सर्वाकारपरिपूर्णं पुरुषं राजानमकुर्वन् । चतुष्पदा अपि सन्निपत्य एकं सिंह राजानमकुर्वन् । ततः शकुनिगणाः हिमवत्-प्रदेशे एकस्मिन् पाषाणे सन्निपत्य 'मनुष्येषु' राजा प्रज्ञायते तथा चतुष्पदेषु च । अस्माकं पुनरन्तरे राजा नास्ति । अराजको वासो नाम न वर्तते ।

(ख) निम्नलिखित श्लोकों का हिन्दी में संदर्भ-सहित अनुवाद कीजिए : 2+5=7

उदेति सविता ताम्रस्ताम् एवास्तमेति च ।
सम्पत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता ।।

**अथवा**

मत्ता गजेन्द्राः मुदिता गवेन्द्राः वनेषु
विक्रान्ततरा मृगेन्द्राः ।
रम्या नगेन्द्राः निभृता नरेन्द्राः प्रक्रीडितो
वारिधरैः सुरेन्द्रः ।।

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 2+2=4

(क) **वर्षा काले के मत्ताः भवन्ति ?**

(ख) दुर्योधनः कः आसीत् ?

(ग) मालवीयः कुत्र अध्यापनम् आरब्धवान् ?

(घ) का भाषा सर्वासाम् आर्यभाषाणां जननी ?

**10.** (क) 'शांत' **अथवा** 'वात्सल्य' रस की परिभाषा लिखकर उसका उदाहरण दीजिए । *1+1=2*

(ख) 'अनुप्रास' **अथवा** 'अतिशयोक्ति' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । *1+1=2*

(ग) 'सवैया' **अथवा** 'बरवै' छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । *1+1=2*

**11.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबन्ध लिखिए : 2+7=9

(क) मेरा प्रिय खेल

(ख) शिक्षा का महत्त्व

(ग) भ्रष्टाचार : कारण और निवारण

(घ) सादा जीवन - उच्च विचार



https://www.upboardonline.com

12. (क) (i) 'हरये' का सन्धि-विच्छेद है : 1

(अ) हरे + ए

(ब) हर + ए

(स) हरे + ऐ

(द) हर + ऐ

(ii) 'वनेऽत्र' का सन्धि-विच्छेद है : 1

(अ) वन + अत्र

(ब) वने + अत्र

(स) वने + एत्र

(द) वन + आत्र

(iii) 'रामश्चलति' में सन्धि है : 1

(अ) स्वर

(ब) व्यंजन

(स) विसर्ग

(द) यण

(ख) निम्नलिखित में से किसी *एक* का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : 1+1=2

(i) आजीवनम्

(ii) श्वेताम्बरम्

(iii) महाशयः

13. अपने क्षेत्र के पार्क को विकसित कराने के लिए नगर-निगम के मुख्य उद्यान-निरीक्षक को एक पत्र लिखिए । 2+6=8

**अथवा**

विद्यालय की वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने छोटे भाई को बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए ।

14. (क) (i) निम्नलिखित में से किसी *एक* शब्द के धातु एवं प्रत्यय का योग स्पष्ट कीजिए : 1

(अ) लिखितः

(ब) कृत्वा

(स) द्रष्टव्य



https://www.upboardonline.com

(ii) निम्नलिखित में से किसी ***एक*** शब्द में प्रत्यय लिखिए : *1*

(अ) श्रवणीयः

(ब) बन्धुत्वम्

(स) बलवान्

(ख) रेखांकित पदों में से किसी ***एक*** पद में प्रयुक्त विभक्ति तथा संबंधित नियम का उल्लेख कीजिए : *1+1=2*

(i) गृहं प्रति गच्छ ।

(ii) रामेण सह सीता वनम् अगच्छत ।

(iii) अग्नये स्वाहा ।


**https://www.upboardonline.com**

**Whatsapp @ 9300930012**

**Send your old paper & get 10/-**

**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**

**Paytm or Google Pay से**





https://www.upboardonline.com